सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 130 | इंदौर, सोमवार 24 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● आधार अपडेशन में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी। आधार जैसे संवेदनशील दस्तावेज में सेंध लगाने वाला एक बड़ा फर्जीवाड़ा बालाघाट पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस ने फिंगरप्रिंट और आईरिश का क्लोन बनाकर आधार अपडेशन करने वाले मास्टरमाइंड मोहसीन खान (39) को गिरफ्तार किया है। आरोपी भरवेली का रहने वाला और पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है।**

पुलिस के अनुसार मोहसीन आधार मशीन की लोकेशन छिपाने के लिए VPN का इस्तेमाल करता था, जिससे सिस्टम को लगता था कि अपडेशन अधिकृत केंद्र से हो रहा है, जबकि पूरा धंधा वह भरवेली से ही चला रहा था।

भरवेली पुलिस की कार्रवाई में हुआ भंडाफोड़

एक शिकायत के बाद भरवेली थाना पुलिस ने छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार किया। एडीएसपी निहित उपाध्याय ने बताया कि मोहसीन ने अपने परिजनों और परिचितों के नाम से कई जगहों पर आधार अपडेशन के टेंडर जमा किए थे। टेंडर स्वीकृत होने के बाद आधार मशीनें और ID वह अपने पास रख लेता था। अधिकृत ऑपरेटरों के फिंगरप्रिंट के क्लोन तैयार करता था। इन्हीं फर्जी बायोमेट्रिक से सिस्टम में लॉगिन कर अपडेशन करता था। आईरिश स्कैन के लिए वह डिजिटल नकली आंखों का उपयोग करता था।

### 2011 से चला रहा था फर्जी सेंटर

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी 2011 से भरवेली के त्रिवेदी कॉम्प्लेक्स में स्थित एमपी ऑनलाइन और बैंक ऑफ बड़ौदा कियोस्क से आधार अपडेशन का अवैध काम करता आ रहा था, जबकि उसके नाम से कोई अधिकार स्वीकृत नहीं था।

### नकली तकनीकी उपकरण बरामद

भरवेली पुलिस ने आरोपी के सेंटर से लैपटॉप, डमी फिंगरप्रिंट, नकली आईरिश प्रिंट और क्लोनिंग से जुड़ी अन्य सामग्री बरामद की है।

### प्रशासनिक पहुंच भी थी मजबूत

स्थानीय सूत्रों का दावा है कि आरोपी की प्रशासनिक पकड़ मजबूत थी। इसी कारण वह लंबे समय तक पकड़ा नहीं गया। फिलहाल पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर उससे और पूछताछ कर रही है। आगे और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

● बुंदेलखंड को सीएम की सौगात, लांच नदी परियोजना को दी स्वीकृति, बोले-

# केन-बेतवा लिंक से बदलेगी सूरत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड के हर खेत को पानी मिलेगा। इससे क्षेत्र में समृद्धि आएगी। मुख्यमंत्री ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वह अपने खेतों को किसी भी स्थिति में बेचने का प्रयास नहीं करें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों का सर्वांगीण विकास सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्य प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नंबर वन बनाने का कार्य किया जाएगा। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 25 गायों के साथ गौशाला खोलने पर 40 लाख रुपये में से 10 लाख तक का अनुदान देने का कार्य मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव सागर जिले के बण्डा में सांदीपनि विद्यालय भवन के लोकापर्ण समारोह को संबोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री ने कहा कि बण्डा में आज लगभग 31 करोड़ रुपये की लागत से नव निर्मित सर्व सुविधा युक्त सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया है। इस विद्यालय में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा है कि बण्डा क्षेत्र में सर्व सुविधा युक्त स्कूल भवन के निर्माण से इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को सीधा लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय परियोजना मध्यप्रदेश शासन की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो गरीब वर्ग के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न के साथ प्रारंभ की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा ही किसी देश की मजबूती का आधार है। मध्य प्रदेश सरकार बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए उन्हें उच्च-गुणवत्ता युक्त शिक्षा और सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए संकल्पित हैं।

### गीता जयंती मनाई जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में एक दिसंबर से प्रदेशव्यापी गीता जयंती उत्सव मनाया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जा रहे हैं। सभी जिलों के प्रत्येक जनपद पंचायत में वृंदावन ग्राम एवं गीता भवन बनाए जाएंगे। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने 50.65 करोड़ रुपये के 16 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

### लांच नदी परियोजना को स्वीकृति

मुख्यमंत्री ने सागर जिले की बहुप्रतीक्षित लांच नदी परियोजना की स्वीकृति की घोषणा की। वहीं, मुख्यमंत्री ने शाहगढ़ में सिविल अस्पताल बनाने, बण्डा में सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम, सिविल अस्पताल बण्डा में पोस्टमार्टम हाउस बनाने, बण्डा क्षेत्र में राखसी, चकेरी, विनेयका में भवन विहीन स्कूलों के लिए भवन बनाने की घोषणा की। सीएम के साथ इस कार्यक्रम में एमपी के मंत्री लखन पटेल दशरथ लोधी दमोह सांसद राहुल लोधी सहित सागर जिले के भाजपा विधायक गण एवं विशाल जनसमूह उपस्थित रहा।

कलेक्टर बोले-

# लोहा मंडी में ट्रैफिक सुगम बनाओ, ट्रैफिक जाम न हो इसका प्लान तैयार करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रेसीडेंसी कोठी में रविवार को कलेक्टर ने लोहा व्यापारी एसोसिएशन और ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में बताया कि इंदौर में प्रदेश की सबसे बड़ी लोहा मंडी है। जहां बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट व्यापारी हैं। यहां प्रदेश और देशभर से भारी वाहन आते-जाते हैं। शहर में लोहा मंडी के अलावा पालदा, नवलखा और देवास नाका इलाके में ट्रांसपोर्ट होता है।**



पालदा से लेकर तीन इमली, नवलखा चौराहा, अग्रसेन चौराहा से लेकर लोहा मंडी तक रोजाना बड़ी संख्या में भारी वाहनों की आवाजाही होती है। इसके कारण इस रास्ते पर बार-बार ट्रैफिक जाम होता है। पालदा क्षेत्र में भी ट्रांसपोर्ट व्यवसाय होने से ओर तीन ईमली क्षेत्र में ट्रेवल्स और अग्रसेन चौराहे के आगे छावनी अनाज मंडी होने के कारण भी कई बार ट्रैफिक जाम होता है। इस पूरे रास्ते पर जगह-जगह अतिक्रमण होने के कारण से ट्रैफिक बाधित होता है। इंदौर में एक ऐसी लोहा मंडी बनाई जाए जिससे ट्रैफिक भी बाधित ना हो और भारी वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह हो।

कलेक्टर ट्रांसपोर्ट मालिकों और व्यापारियों से कहा कि शहर में भारी वाहनों के कारण ट्रैफिक जाम नहीं हो, इसलिए देवास नाका क्षेत्र में एक बड़ी लोहा मंडी बनाकर ट्रांसपोर्ट व्यापारियों को दुकानें भी आवंटित कर दीं थी। इसके बाद भी कुछ व्यापारियों ने अपना व्यापार देवास नाका क्षेत्र में संचालित नहीं किया है और वे लोहामंडी में ही अपना व्यापार कर रहे हैं। इस कारण से बार-बार ट्रैफिक बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिन व्यापारियों को दुकानें आवंटित हो चुकी हैं वे अपना व्यापार देवास नाका क्षेत्र में स्थित लोहा मंडी में संचालित करें। ट्रांसपोर्ट मालिकों और व्यापारियों से कहा कि वे भारी वाहनों को लोडिंग करते समय इस बात का ध्यान रखे कि कहीं भी ट्रैफिक जाम न हो। ट्रक, आयशर और लोडिंग वाहनों को बेतरतीब रोड किनारे पार्क नहीं करें नहीं तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पूरे रास्ते पर जहां-जहां पर अवैध अतिक्रमण होगा, उसे चिह्नित कर जल्द हटाया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय, ट्रैफिक डीसीपी आनंद कलादगी, एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक संतोष कुमार कौल, आईडीए अध्यक्ष डॉ.परीक्षित झाड़े सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी, ट्रांसपोर्ट व्यापारी शामिल हुए थे।

# 70 करोड़ से ज्यादा के विकास कामों का भूमिपूजन

## इंदौर स्वच्छता ही नहीं, बल्कि सभी विकास कामों में लगातार आगे रहता है : मंत्री विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम शहर के पूरे विकास, सीवरेज प्रणाली के सुदृढ़ीकरण और लोगों को मूलभूत अधोसंरचना सुविधाएं देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को अमृत 2.0 योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र राऊ में लगभग 70 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ।**



इस मौके पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर की परंपरा हमेशा से गौरवशाली रही है। यहां के लोग बेहद जागरूक, कर्तव्यनिष्ठ और अपने शहर के प्रति समर्पित है। यही कारण है कि इंदौर स्वच्छता ही नहीं, बल्कि सभी विकास कामों में लगातार आगे रहता है।वहीं मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि हमारी परिषद ने संकल्प लिया था कि नगरीय क्षेत्र में शामिल हुए 29 गांवों सहित पूरे क्षेत्र में जल प्रदाय, सीवरेज लाइन और सड़क बनाने के कामों को प्राथमिकता दी जाएगी। आज उसी संकल्प को पूरा करते हुए करोड़ों के विकास काम शुरू किए जा रहे हैं। इस काम से लगभग 45 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। इसमें बड़िया कीमा, बिचौली मर्दाना, टिगरिया राव, सहारा सिटी होम, संपत फॉर्म, संपत हिल्स, मानवता नगर, गोकुल नगर, भूरी टेकरी, बिचौली हप्सी, मयंक ब्लू वाटर पार्क, अरावली परिसर, कैलिफोर्निया सिटी, गुलमर्ग परिसर, अग्रवाल पब्लिक स्कूल, संजना पार्क, शालीमार पाम्स, मिलन हाइट, गोल्फ लिंक, विमल श्री ग्रीन, यूएनओ बिजनेस पार्क रोड, श्रीजी वैली, श्रीजी हाइट, कॉस्मो सिटी, श्री शाम हाइट, खत्री खेड़ी, संपत एवेन्यू, कल्याण संपत एवेन्यू, अग्रवाल नगर, स्कीम 140, एक्सोटिका ग्रैंड, नोबल हॉस्पिटल, विद्या सागर स्कूल, प्रगति विहार, एनआर स्टेट एवं आसपास के अन्य क्षेत्र। इन क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था सुधरने के साथ ही कान्ह नदी शुद्धिकरण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस आयोजन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मेयर पुष्यमित्र भार्गव सहित विधायक मधु वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर परिषद सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू, क्षेत्रीय पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# खेत में काम करते समय किसान ने जहर खाया, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। खुड़ैल क्षेत्र में एक किसान की काम के दौरान जहर खाने से मौत हो गई। खेत में काम कर रहे साथी ने उसे तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तबीयत बिगड़ने के कारण उसे एमवाय अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

खुड़ैल पुलिस के अनुसार, मृतक जितेन्द्र (26) पुत्र राधेश्याम चौहान, निवासी ग्राम गारिया था। उसके भाई विनोद ने बताया कि जितेन्द्र सुबह खेत पर काम करने गया था और परिवार से किसी तरह की बात नहीं हुई। मृतक और उसका परिवार मूल रूप से बड़वानी के रहने वाले हैं और इंदौर में दोनों भाई माता-पिता और तीन बहनों के साथ रहते थे। पुलिस ने बताया कि जितेन्द्र किन कारणों से तनाव में था, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### फैक्ट्री में गिरने से कर्मचारी की मौत

पालदा इलाके में एक फैक्ट्री में गिरने के कारण एक कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कमलेश (38) पुत्र अमन सिंह, विक्ट्री फैक्ट्री में काम के दौरान गिर गया। उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम कराया गया है।

# 27वां सिद्धांत एवं रणनीति संगोष्ठी 24 एवं 25 नवम्बर को



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आर्मी वॉर कॉलेज मऊ में 24 एवं 25 नवम्बर को 27वीं सिद्धांत एवं रणनीति संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह प्रमुख संगोष्ठी वरिष्ठ सैन्य कमांडरों, सामरिक विचारकों, अकादमिक एवं उद्योग जगत के विषय विशेषज्ञों, तकनीकी विशेषज्ञों तथा दिग्गज अधिकारियों को एक मंच पर लाने का उद्देश्य रखती है, ताकि तेजी से बदलते सुरक्षा परिवेश में भारतीय सेना के दीर्घकालीन रूपांतरण के लिए उपयोगी और व्यावहारिक विचारों का आदान–प्रदान हो सके। भारतीय सेना की प्रमुख सिद्धांतगत गतिविधियों में से एक होने के नाते, सिद्धांत एवं रणनीति संगोष्ठी एक ऐसा मंच है जो अभूतपूर्व तकनीकी और भू-राजनीतिक परिवर्तनों के इस दौर में परिचालनिक चिंतन, क्षमता विकास और रणनीतिक दूरदृष्टि को एक दिशा प्रदान करता है।

समकालीन संघर्ष जहाँ हाइब्रिड, मल्टी-डोमेन, उच्च तीव्रता वाले अभियानों और भारत की सीमाओं पर जटिल संयुक्त चुनौतियों के माध्यम से युद्ध के स्वरूप को बदल रहे हैं, वहीं यह संगोष्ठी विघटनकारी तकनीकों, बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों और जटिल खतरे के परिदृश्यों से उत्पन्न चुनौतियों एवं अवसरों पर केंद्रित होगी। भविष्य के लिए संरचित दिशा प्रदान करने हेतु तीन प्रमुख विषयों पर चर्चा होगी। जिसमें “भविष्य का युद्धक्षेत्र परिवेश 2035–भारतीय संदर्भ”, “संचालन के प्रभावी निष्पादन के लिए तकनीकी तैयारी” और “भविष्य की दिशा का पूर्वानुमान” शामिल है। इन विषयों के माध्यम से वर्ष 2035 तक भारत के सामने आने वाले संभावित सुरक्षा वातावरण का विश्लेषण किया जाएगा, जिसमें सैन्य आधुनिकीकरण, बुद्धिमत्तायुक्त युद्ध, विषम रणनीतियाँ, ग्रे ज़ोन ऑपरेशंस और विरोधियों द्वारा प्रस्तुत बहु-क्षेत्रीय संयुक्त चुनौतियों की संभावनाएँ शामिल होंगी। विशेषज्ञ अंतरिक्ष, साइबर, सूचना और संज्ञानात्मक युद्ध के आयामों तथा निवारण एवं वृद्धि-नियंत्रण पर इनके प्रभावों का अध्ययन करेंगे। भारत की तकनीकी तत्परता, मानवरहित प्रणालियों, ड्रोन-रोधी क्षमताओं, एआई-आधारित निर्णय सहायता, रोबोटिक्स, क्वांटम तकनीक, विद्युतचुंबकीय स्पेक्ट्रम संचालन और निकट-अंतरिक्ष प्लेटफॉर्म का आकलन करने पर केंद्रित होंगी। विचार-विमर्श भारत के रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र जैसे डीआरडीओ, डीपीएसयू, निजी उद्योग, स्टार्ट-अप्स और शैक्षणिक संस्थानों की क्षमता को भी परखा जाएगा।

# मुख्यमंत्री बोले- स्वच्छता की तरह फिटनेस इंदौर की नई पहचान बने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में रविवार की गुलाबी ठंड वाली सुबह के बीच हजारों शहरवासी एक साथ दौड़े और स्वास्थ्य जागरुकता का संदेश दिया। रन इंदौर वन इंदौर मैराथन दशहरा मैदान से शुरू हुई। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव वर्चुअली जुड़े और कहा कि इंदौर हर क्षेत्र में अद्भूत उदाहरण प्रस्तुत करता है। स्वच्छता की तरह फिटनेस इंदौर की नई पहचान बने। यह दौड़ दशहरा मैदान से शुरू हुई और नरेंद्र तिवारी मार्ग, रणजीत हनुमान रोड, महूनाका, अन्नपूर्णा मार्ग होते हुए दशहरा मैदान पर समाप्त हुई।**



तीन, पांच व सात किलोमीटर की अलग-अलग श्रेणियों की दौड़ में सभी उम्र के धावकों ने भाग लिया। मैराथन के पहले वंदे मातरम गाया गया। इसके बाद स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की शपथ ली। इसके बाद अतिथियों द्वारा मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर न सिर्फ स्वच्छता, बल्कि हर क्षेत्र में देश-दुनिया में अग्रणी बन रहा है। उन्होंने दौड़ में शामिल नागरिकों के जज्बे को सलाम किया। देश और शहर सरकार से नहीं जनता के सहयोग से चलता है।यह स्वच्छ शहर इंदौर की जनता के सहयोग से ही नंबर वन शहर है।

महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि यह दौड़ सामूहिक चेतना का उदाहरण है। फिटनेस का मूल आधार दौड़ है और इंदौर एक बार फिर देश के सामने जनसहभागिता की मिसाल पेश कर रहा है।जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर स्वच्छता में सिरमौर शहर अपने अलग-अलग नवाचारों से हमेशा आकर्षित करता है और मैराथन दौड़ रन विथ मेयर में आज प्रतिभागियों के जोश को देखकर लगता है कि इंदौर अद्भुत है।दिव्यांग धावकों के लिए विशेष तैयारियां की गई है। सैकड़ों दिव्यांग धावक इसमें दौड़े।

# 9 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन, फिर सुने जाएंगे दावे-आपत्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। अभी मतदाताओं के फॉर्म भरे जा रहे हैं और यह कार्य 4 दिसंबर तक होगा। ऐसे में मतदाताओं के फॉर्म भरने के लिए अब 11 दिन का समय बचा है। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियों के आवेदन 8 जनवरी तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों की सुनवाई और प्रमाणीकरण के बाद 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता ऑनलाइन फॉर्म भी भर सकते हैं, लेकिन यह सुविधा सिर्फ उन्हीं को मिलेगी, जिनका मोबाइल नंबर वोटर आईडी से लिंक है।

# इंदौर में दिग्विजय सिंह-चिंटू चौकसे साथ में घूमे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कांग्रेस में हुए ऑडियो कांड के बाद पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह शनिवार को इंदौर आए। इस दौरान शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे उनके साथ साए की तरह लग गए। मीडिया ने सवाल भी दिग्विजय सिंह से पूछ लिया कि ऑडियो कांड पर क्या कहेंगे। इस पर उन्होंने भी तत्काल कहा यह चिंटू साथ में ही हैं, इनसे ही पूछ लो। फिर कहा- चिंटू बताओ भाई, इस पर चिंटू हंस दिए। होटल इन्फिनिटी में एक शादी में दिग्विजय सिंह पहुंचे। यहां चिंटू भी पहुंच गए। इसके बाद दिग्गी, चिंटू, सुवेग राठी, सुरजीत चड्डा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े साथ में बाहर निकले। वहीं रविवार को भी पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह से जब पूछा गया कि चुनाव आयोग के जरिए किए जा रहे एसआईआर को जरूरत बताई गई है। इस पर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव आयोग को बचाने की कोशिश की है। इसके लिए 272 रिटायर अफसरों से दस्तखत कराए गए हैं। इनमें रिटायर जज, आईएएस और आईपीएस जैसे लोग शामिल हैं। इनमें कई लोग बीजेपी से जुड़े हैं।

## कलेक्टर के निर्देश पर महू एसडीएम की अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशों पर रविवार को महू एसडीएम राकेश परमार द्वारा अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई की गई। एसडीएम श्री परमार ने बताया कि महू क्षेत्र में दो वाहनों को अवैध खनिज परिवहन करते हुए पाया गया। सोनवाई टोल के पास टीही गांव में एक डंपर में गिट्टी की मुरम और दूसरे में चुरी का परिवहन करते पाया गया। परिवहन के संबंध में दस्तावेज मांगे जाने पर चालाक द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गए। उक्त दोनों वाहनों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें जप्त कर किशनगंज थाने में पुलिस की अभिरक्षा में रखवाए गए। साथ ही आगामी कार्यवाही के लिए उक्त मामले को खनिज इंस्पेक्टर श्री ठाकुर को सौंपा गया। बताया गया कि महू एसडीएम राकेश परमार द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान गाड़ी क्रमांक एमपी39-एच4009 और क्रमांक एमपी09-एचएच2177 को अवैध खनन करने वाले जाने पर दोनों वाहनों को किशनगंज पुलिस थाने में जप्त किया गया। उक्त दोनों वाहन अवैध एवं बिना रायल्टी के परिवहन किये जा रहे थे।

# 1070 बदमाशों को चेक किया, 172 शराब पीकर गाड़ी चलाते मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की सड़कों पर पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त की। गुंडे-बदमाशों को चेक किया। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई की। पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों पर भी कार्रवाई की। साथ ही हॉट स्पॉट और शेडो एरिया में ड्रोन से पेट्रोलिंग की।**



बीती रात शहर में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर कॉम्बिंग गश्त की गई। ये गश्त शहर के चारों जोनों में चली। 22-23 की दरमियानी रात से लेकर अलसुबह तक पुलिस ने जगह-जगह चेकिंग की। पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों के साथ पुलिस फोर्स ने अलग-अलग क्षेत्रों में गुंडे-बदमाशों की सरप्राइज चेकिंग व कॉम्बिंग गश्त की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने गुंडे-बदमाशों व असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए लगभग 1070 बदमाशों को चेक करते हुए उनमें से 461 पर वैधानिक कार्रवाई की। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों में 223 से ज्यादा वारंट तामील कराया, लंबे समय से फरार 41 स्थायी, 74 गिरफ्तारी और 108 जमानती वारंट के साथ ही 60 समंस भी तामील किए। इस दौरान अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। इसमें शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 172 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई और ये कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ताकि शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए लोगों की जान जोखिम में डालने वाले ऐसे लापरवाह वाहन चालकों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। वहीं अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वाले 4 लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की। पब्लिक प्लेस में शराब पीने वाले 12 लोगों पर भी कार्रवाई की गई।

## आबकारी विभाग इंदौर द्वारा 56.73 बल्क लीटर अवैध शराब जप्त कर पेशेवर आरोपी को किया गिरफ्तार



**इंदौर।** इंदौर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त की गई। एक दो पहिया वाहन भी जप्त किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में वृत्त सांवेर वृत प्रभारी त्रिअंबिका शर्मा ने मुखबिर की सूचना पर अपनी टीम के साथ चामुंडा माता मंदिर के पास दबिश देकर अवैध रूप से संग्रहित की 56.73 बल्क लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपी संजय गौड़ पिता राजेंद्र गौड़ निवासी सांवेर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर गैर जमानती अपराध होने पर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल कराया गया है। आरोपी संजय गौड़ के खिलाफ आबकारी में अवैध रूप से शराब के संग्रहण के प्रकरण पूर्व में भी पंजीबद्ध हैं। जब्त मदिरा की कुल कीमत लगभग 36 हजार रुपए है।

## शराबी बाइक सवार की टक्कर से युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर। नगर निगम के पास शनिवार शाम एक शराबी बाइक सवार ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक को सिर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें तुरंत एमवाय अस्पताल पहुंचाया और उनके मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। देर रात उपचार के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान शैलेष (37) पुत्र रमेश बनौधा निवासी विजयनगर के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई, जब वह पैदल चिकमंगलूर चौराहे की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार काफी तेज थी और सवार नशे की हालत में था। टक्कर मारने के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी बाइक सवार को पकड़ लिया और थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने एफआरवी की मदद से घायल शैलेष को तत्काल एमवाय अस्पताल भेजा, जहां वह देर रात दम तोड़ गया। परिवार जनों ने बताया कि शैलेष के परिवार में उनके माता-पिता और एक बड़ा भाई है। उनकी पत्नी काफी समय पहले उनसे अलग हो चुकी है। शैलेष राजबाड़ा क्षेत्र के एक कारखाने में बैग सिलाई का काम करते थे। पुलिस ने आरोपी बाइक सवार के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



# सीएम बोले- दिग्विजय नक्सलियों का साथ देते दिखते हैं...

## हिडमा एनकाउंटर पर सवाल उठाने पर कहा- जनता से माफी मांगें पूर्व सीएम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के कुख्यात नक्सली हिडमा के एनकाउंटर मामले पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के बयान पर सीएम डॉ मोहन यादव ने पलटवार किया है। सीएम ने वीडियो जारी कर कहा- बड़ा दुर्भाग्य का विषय है जब पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह नक्सलवादी मूवमेंट के खिलाफ चलने वाले आंदोलन में नक्सलवादियों का साथ देते दिखाई देते हैं। उस एनकाउंटर को सस्पेक्टेड और फर्जी बताते हैं। कितना दुर्भाग्य है यद्यपि उनके ही कांग्रेस के कई नेताओं को नक्सलवादियों ने पहले मारा भी है।**

सीएम ने कहा- लाल सलाम को आखिरी सलाम के इस अभियान में, मैं यह मानता हूं कि



वो वरिष्ठ नेता हैं, उनको जनता से माफी मांगनी चाहिए। उनको ये बात स्मरण होना चाहिए कि ये किसी के नहीं हैं। सीएम ने कहा- दिग्विजय सिंह को चाहिए था कि वो हमारे नरसिंहपुर के सपूत आशीष शर्मा की शहादत पर उनके परिवार वालों के लिए दो शब्द संवेदना के बोलते। उनकी बहादुरी से हुई मुठभेड़ में उन्होंने अपने प्राणों की बाजी लगा दी। उनको राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत करने की बात करते। सीएम ने कहा- राज्य सरकार ने उनके लिए जितना जो बन सके हमने केन्द्रीय गृह मंत्री और प्रधानमंत्री जी की भावना के अनुसार परिवार को सांत्वना दी। उनके छोटे भाई को आउट ऑफ टर्म सब इंस्पेक्टर बनाने की बात कही। उनको हर प्रकार से इस अप्रतिम योगदान के लिए उस गांव में आशीष शर्मा के नाम पर पार्क और स्टेडियम बनाने की घोषणा की। लेकिन, कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री दो शब्द संवेदना के भी नहीं बोलते इससे ज्यादा दुर्भाग्य की क्या बात होगी।

## बेटी की शादी थी उठ गई पिता की अर्थी

### बेटियों ने बेटे का धर्म निभाकर पिता की चिता को मुखाग्नि दी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**बड़वानी, एजेंसी।** शहर की साईंनाथ कॉलोनी निवासी पीजी कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. मंजुला जोशी के पति, श्रीगौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ संरक्षक और बैंक के सेवानिवृत्त दत्तात्रेय जोशी का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनका बेटा नहीं होने से दोनों बेटियों ने बेटे का धर्म निभाकर पिता की चिता को मुखाग्नि दी।

दरअसल, जोशी की छोटी बेटी प्राची की 4 दिसंबर को शादी होना थी। परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थी। जोशी की अचानक तबीयत बिगड़ने व हृदयाघात होने से जोशी का शुक्रवार को निजी अस्पताल में निधन हो गया। अंतिम यात्रा में दोनों बेटियों ने शामिल होकर बेटे का फर्ज निभाते हुए राजघाट रोड स्थित मुक्तिधाम में पिता की चिता को मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया। बड़ी बेटी पूर्वा अविनाश दुबे, लंदन के मैनेजमेंट स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। छोटी बेटी प्राची बैंगलुरु में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। पिता के निधन से शादी की खुशियां गम में बदल गई। बेटी की डोली उठने की जगह पिता की अर्थी उठ गई। उनकी अंतिम यात्रा में समाजजनों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## सड़क किनारे खड़े युवकों पर चढ़ी बस, चारों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** सागर में निजी बस ने सड़क किनारे खड़े युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में सभी की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई थे। एक्सीडेंट रहली थाना इलाके के अनंतपुरा गांव के पास हुआ है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक उछलकर काफी दूर जा गिरे। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार, युवक अनंतपुरा गांव से सिमरिया हरांखेड़ा की ओर जा रहे थे। रास्ते में सड़क किनारे खड़े हो गए। बस सिमरिया से होते हुए दमोह जा रही थी। हादसे में शिवम पिता रामचरण पाल (18), सत्यम पिता रामचरण पाल (17), प्राशू उर्फ प्रशांत पिता खुमान पाल (14) और उमेश पिता चेतू पाल (16) की मौत हो गई।

## महिला बटालियन की स्पेशल ट्रेन में कारतूस की मैगजीन चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। बिहार विधानसभा चुनाव में हैदराबाद वापस लौट रही सीआरपीएफ की महिला बटालियन की स्पेशल ट्रेन में कारतूस की मैगजीन चोरी होने का बड़ा मामला सामने आया है। घटना कटनी स्टेशन के आसपास हुई है। घटना की शिकायत जीआरपी में की गई है। सूचना के बाद जीआरपी और सिटी पुलिस ने तत्काल आसपास सर्चिंग की थी। सीआरपीएफ की दो मैगजीन से कुल 40 कारतूस चोरी हो गए हैं।**

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हैदराबाद की सीआरपीएफ की महिला बटालियन बिहार विधानसभा चुनाव में ड्यूटी कर रही थी। चुनाव संपन्न होने के बाद महिला बटालियन स्पेशल ट्रेन से वापस लौट रही थी। ट्रेन जब जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले कटनी स्टेशन के निकट बीते रात आउटर में कटनी-लमतरा और आधारकाप सेक्शन के बीच खड़ी थी। इसी दौरान ट्रेन से एक महिला जवान की राइफल की दो मैगजीन जो लोडेड थी, वे चोरी हो गईं। इन मैगजीन में 40 कारतूस भरे थे। घटना



की जानकारी लगते ही ट्रेन में हड़कंप मच गया। स्पेशल ट्रेन से राइफल की दो मैगजीन चोरी होने की सूचना मिलने के बाद जीआरपी और सिटी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आधारकाप लाइन के पास झाड़ियों के आसपास तलाशी शुरू की थी। इस दौरान ट्रेन की बोगी के पास में झाड़ियों में पड़ी मैगजीन तो मिल गईं, लेकिन उनमें भरी 40 गोलियां गायब थीं। जीआरपीएफ के अनुसार यह मैगजीन बटालियन-ई240 की दो महिलाकर्मियों की राइफल से संबंधित थीं। सीआरपीएफ दल काचीगुड़ा हैदराबाद लौट रहा था। बटालियन की सदस्य अस्वार प्रतिज्ञा सुधाकर ने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## नौ माह के बच्चे के गले में फंसा मंगलसूत्र का पैंडिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** नौ माह के एक बच्चे में हो रही लगातार सर्दी-खांसी की शिकायत ने परिजनों को चिंता में डाल दिया। जब उन्होंने चिकित्सक की सलाह पर उसका एक्स-रे करवाया, तो रिपोर्ट देखकर सभी हैरान रह गए। एक्स-रे में पता चला कि बच्चे के गले में मंगलसूत्र का पैंडिल फंसा हुआ है।गंभीर हालत को देखते हुए परिजन रविवार दोपहर करीब 2 बजे बच्चे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, समीप ग्राम करी निवासी नरसिंह वास्कले के नौ माह के बेटे विवान का कुछ दिनों से बच्चों के डॉक्टर के यहां उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान एक्स-रे में गले में धातु का टुकड़ा दिखने पर उसे तुरंत जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपम बत्रा ने बच्चे की जांच कर तत्काल ऑपरेशन की तैयारी की और सफलतापूर्वक गले में फंसा मंगलसूत्र का पैंडिल निकाल लिया। डॉक्टरों के अनुसार, ऑपरेशन के बाद बच्चा अब खतरे से बाहर है।

## 50 महिलाओं का धर्मांतरण करा रहे थे पति-पत्नी

### 'यीशु की प्रार्थना नहीं की तो मर जाओगी'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आलीराजपुर, एजेंसी।** अवैध धर्मांतरण का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उन्हें लाखों रुपए की ठगी का शिकार बनाया जा रहा था, और 50 से अधिक महिलाओं का धर्मांतरण कराने का प्रयास किया जा रहा था। यह घटना शनिवार को सामने आई। इस मामले के सामने आने के बाद आदिवासी समाज में तीव्र आक्रोश देखा गया। सैकड़ों ग्रामीण नानपुर थाने पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की।



ग्रामीण ने बताया कि जब उन्होंने खुद को हिंदू धर्म का बताते हुए इनकार किया, तो परमबाई ने उन्हें धमकी दी कि यदि वे ईसा मसीह की प्रार्थना नहीं करेंगी तो 'मर जाएंगी' और 'जान चली जाएगी'। इस धमकी से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। फरियादी ने यह भी आरोप लगाया कि तेरसिंह (पास्टर) और उनकी पत्नी परमबाई पहले भी उन्हें धर्म बदलने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। पुलिस ने परमबाई पति तेरसिंह अवास्या और तेरसिंह पिता खजानसिंह अवास्या (पास्टर), दोनों निवासी खट्टाली रोड तिराहा नानपुर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (BNS) की धारा 196, 299, 351(3) और मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 की धारा 5 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जहां बाजीराव-मस्तानी की शादी हुई, उस महल का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी।** खजुराहो से 20 किलोमीटर दूर ओबेरॉय ग्रुप का पहला हेरिटेज होटल 'द राजगढ़ पैलेस' की ओपनिंग हो गई है। 19 नवंबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इसका शुभारंभ किया। बुंदेला राजवंश का 350 साल पुराना महल कई कहानियां समेटे है। बाजीराव और मस्तानी की शादी से भी इस पैलेस का संबंध है। एक समय बुंदेला राजवंश की शान कहे जाने वाले इस पैलेस का अपना अलग इतिहास है। पौराणिक कहानियों से शुरू हुई इस राजवंश की कहानी महल के वीरान होने तक चलती है। राजगढ़ पैलेस के वीरान होने के बाद भी इसकी चमक और वैभव कम नहीं हुआ। इसका आर्किटेक्चर इतना शानदार है कि हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड की कई फिल्मों की शूटिंग यहां हुई। आपको डायरेक्टर मीरा नायर की 'कामसूत्र' फिल्म तो याद होगी। 1998 में बनी इस मूवी की शूटिंग यहीं हुई थी। इसमें अभिनेत्री रेखा लीड रोल में थीं। इस फिल्म से ही मीरा नायर को दुनियाभर में पहचान मिली।

## जिला अस्पताल में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी।** बैतूल जिला अस्पताल की भोजनशाला के पास स्थित स्टोर रूम में रविवार सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के कुछ ही मिनटों में स्टोर रूम से घना धुआं फैलने लगा, जिससे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। स्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल कार्रवाई की। वार्ड नंबर 1 और 4 के मरीजों को ट्रामा सेंटर में स्थानांतरित किया गया, जबकि ऊपरी मंजिल के वार्डों को भी एहतियातन खाली कराया गया।

## संपादकीय

# 'UNSC में सुधार अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को IBSA (India-Brazil-South Africa का एक समूह) से दुनिया को यह कड़ा संदेश दिया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में सुधार अब एक विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। उन्होंने आतंकवाद-निरोध पर IBSA सदस्यों के बीच गहरे तालमेल की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि आतंकवाद से लड़ते समय दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के भारत के दावे का वैसे तो सभी देश समर्थन करते हैं, मगर कुछ ऐसे भी हैं, जो सुरक्षा परिषद का विस्तार नहीं चाहते हैं। इन देशों को कॉफी क्लब कहा जाता है। जानते हैं पूरी स्थिति। मोदी ने जोहानिसबर्ग में IBSA शिखर सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त किए। इस बैठक की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने की और इसमें ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने भाग लिया। बैठक में, प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इब्सा सिर्फ तीन देशों का समूह नहीं है, बल्कि तीन महाद्वीपों, तीन प्रमुख लोकतांत्रिक देशों और तीन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। शिखर सम्मेलन से पहले, मोदी ने रामफोसा से मुलाकात की और व्यापार एवं निवेश, खाद्य सुरक्षा, कौशल विकास, खनन, युवा आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। jfacunc.org पर छपे एक लेख के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) एक जटिल संगठन है जिसके कई क्षेत्र हैं जिनमें सुधार के लिए कई सदस्यों ने सुधारों का प्रस्ताव रखा है। हालांकि, यूएन के किसी भी अंग को सुरक्षा परिषद (UNSC) जितना ध्यान या नफरत नहीं मिला है। सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र के 15 सदस्य देशों से बनी है, जिनमें 5 स्थायी सदस्य और 10 सदस्य दो वर्षीय कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। स्थायी सदस्यता वाले देश चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका हैं। इन्हें सामूहिक रूप से P-5 या बिग फाइव के रूप में जाना जाता है और हरेक के पास संयुक्त राष्ट्र के कई प्रस्तावों और शक्तियों पर वीटो शक्ति है। jfacunc.org के अनुसार, इन पांच देशों को स्थायी सदस्य इसलिए चुना गया, क्योंकि ये द्वितीय विश्व युद्ध के मुख्य विजेता थे। यह तथ्य कि इन पांच देशों के पास संयुक्त राष्ट्र में किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक शक्ति है, आलोचना का विषय रहा है। कुछ लोग स्थायी स्थिति को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं या दूसरे यह जता रहे हैं कि P-5 ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया है। P-5 के पास एक बड़ा विशेषाधिकार भी हैं जो संयुक्त राष्ट्र के अन्य देशों को नहीं दिए जाते हैं। जैसे कि परमाणु हथियार रखने की अनुमति वाले एकमात्र राष्ट्र होना। लेकिन अब तक, UNSC में सुधार के लिए सबसे बड़ा प्रयास स्थायी सीटों की संख्या बढ़ाना है।

## सैर सपाटा

# बजट है कम तो भी ट्रिप होगी यादगार

## 20 हजार में करें इन जगहों की सैर



घूमने-फिरने का शौक हर इंसान के मन में होता ही है। लेकिन कई बार जेब इजाजत नहीं होती। घर की जिम्मेदारियों के अलावा घूमने-फिरने के पैसे नहीं बचते। ऐसे में ये जानकारी काम आ सकती है। कम बजट में आप दो लोगों के साथ इन जगहों की सैर सकते हैं। जो ना केवल मन को खुशी देगा और आपकी ट्रिप को भी यादगार बना देगा। इंडिया में आसपास ऐसी ही जगहें जहां पर आप कम बजट में ही घूमना-फिरना कर सकते हैं।

### मैकलोडगंज, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल में बसा मैकलोडगंड खूबसूरत जगह है। जहां पर नेचर के नजारे लेने और ट्रिप के लिए मैकलोडगंज बेस्ट जगह है। यहां पर होटल से लेकर रूम स्टे कम कीमतों पर मिल जाएंगे। वहीं हिमाचल टूरिज्म की बस से यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। साथ ही कम बजट में इस खूबसूरत शहर की सैर की जा सकती है और छुट्टियां बिताई जा सकती है।

### जयपुर

अगर आप ऐतिहासिक इमारतें और पुराने शहर को देखने का शौक रखते हैं तो जयपुर सिटी ट्रैवल के लिए बेस्ट है। वैसे तो जयपुर किसी भी मौसम में जा सकते हैं। लेकिन गर्मी और धूप से बचना है तो अक्टूबर से लेकर मार्च का मौसम बेस्ट होता है। जहां पर आपको ट्रैवल के से लेकर स्टे के लिए बजट में सारी चीजें मिल जाएंगी।



### वाराणसी

आध्यात्म और धार्मिक नगरी की सैर करनी है तो वाराणसी बेस्ट प्लेस है। गंगा आरती के साथ स्ट्रीट फूड और वारणसी की गलियों में घूमने का मजा ले सकते हैं। यहां पर होटल में स्टे के अलावा कम पैसों में धर्मशाला, आश्रम वगैरह भी मिल जाएंगे। जहां पर आसानी से साफ-सुथरे आध्यात्मिक वातावरण में रहने का मौका मिलेगा।

### खजुराहो, मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश का खजुराहो शहर अपने शानदार वास्तुकला के लिए जाना जाता है और ये यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल है। यहां पर बने मंदिर और वास्तुकला के सुंदर नमूनों को देखने के साथ ही रास्ते में पड़ने वाले पन्ना नेशनल पार्क में बने पांडव के जमाने के गुफाओं को भी देख सकते हैं। ये सारी चीजें आसानी से बजट में देखी जा सकती है।

### पांडिचेरी, तमिलनाडु

पांडिचेरी में बने फ्रेंच इंस्पायर्ड स्ट्रीट, सुंदर, साफ और शांत समुंदर के किनारे और बजट फ्रेंडली गेस्ट हाउस आसानी से मिल जाएंगे। आसपास रहने वाले लोगों के लिए पांडिचेरी की ट्रिप 20 हजार में आसानी से पूरी हो सकती है।

### कसोल, हिमाचल प्रदेश

अगर आप एडवेंचर, ट्रेकिंग के शौकीन हैं और अकेले ट्रैवल करना पसंद करते हैं। तो कसोल आपके लिए बेस्ट प्लेस हो सकता है। यहां पर नदी किनारे बसे गांव में रहने का लुत्फ और नेचर के नजारे बचट में देखने को मिल जाएंगे।

New Delhi

# कितने हिडमा मारोगे, हर घर से हिडमा निकलेगा... इंडिया गेट पर नक्सली के समर्थन में नारेबाजी, 15 अरेस्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में रविवार को इंडिया गेट पर विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों पर मिर्च स्प्रे इस्तेमाल करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर 15 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एफआईआर में पुलिस पर हमला करने, सरकारी काम में बाधा डालने और सड़क जाम करने की धाराएं जोड़ी हैं।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर विरोध प्रदर्शन रविवार शाम इंडिया गेट के पास C हेक्सागन में किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों के हाथ में हाल ही सुरक्षा बलों के साथ



एनकाउंटर में मारे गए नक्सली कमांडर माडवी हिडमा के पोस्टर थे। इस दौरान प्रदर्शनारियों द्वारा 'कितने हिडमा मारोगे, 'हर घर से हिडमा निकलेगा' जैसे नारे लगाए।

प्रदर्शनकारी जब सड़क जाम करने लगे तो पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की, इस बीच उन्होंने पुलिसवालों पर मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल कर उन पर हमला करने की कोशिश की। भाषा के अनुसार, एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में तीन-चार पुलिसकर्मी घायल हो गए और उनका राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी इंडिया गेट के पास इकट्ठा हुए थे और दिल्ली की 'बेहद खराब' वायु गुणवत्ता को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे थे। बाद में पुलिसकर्मियों ने उन्हें वहां से हटाया।

Bihar

## सावधान! बढ़ने वाली है ठंड, शीतलहर और कोहरे का भी रहेगा प्रकोप



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मौसम एक बार फिर बदलता नजर आ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर कम दबाव क्षेत्र बना हुआ है। अब पश्चिम-उत्तर दिशा में बढ़ते हुए आज बंगाल की खाड़ी पर डिप्रेशन में बदलने की संभावना है। अगले 36 घंटों में यह और तेज होकर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। इसके प्रभाव से अगले कुछ दिन दक्षिण भारत और अंडमान-निकोबार में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। 24 से 28 नवंबर तक अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में भारी बारिश जारी रहेगी। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और यनम में 24 नवंबर को भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान गरज-चमक के साथ बारिश और 30-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

उत्तर भारत में ठंड बढ़ने लगी है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड में कई जगहों पर न्यूनतम तापमान 6 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। हरियाणा के हिसार में मैदानी इलाकों का सबसे कम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रहा। अगले चार दिनों तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट आएगी। महाराष्ट्र को छोड़कर पश्चिम भारत में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। पश्चिम उत्तर प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में रात और सुबह के वक्त घना कोहरा छा सकता है।

Uttarpradesh

## गर्लफ्रेंड ने रेप केस में फंसाया... बॉयफ्रेंड ट्रेन से कटा

**बिलासपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 27 सितंबर की रात युवक ने ट्रेन से कटकर सुसाइड कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने युवक की गर्लफ्रेंड के खिलाफ FIR दर्ज की है। युवती उसे ब्लैकमेल कर रही थी। झूठे रेप केस में फंसाकर जेल भी भेज दी थी। जमानत पर बाहर आने के बाद युवक मानसिक रूप से परेशान था। दोनों की मुलाकात मैट्रिमोनियल-साइट पर हुई थी। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, गौरव सवत्री (29) अग्रसेन चौक स्थित साकेत अपार्टमेंट में रहता था। उसने सुसाइड नोट में लिखा था कि जिस लड़की से मैंने प्यार किया, उसी ने मुझे रेप केस में फंसा दिया। जांच में सामने आया है कि दिल्ली-NCR की रहने वाली गर्लफ्रेंड प्रियंका सिंह गौरव को ब्लैकमेल कर छवि खराब करने की धमकी दे रही थी। पुलिस ने प्रियंका सिंह के खिलाफ धारा 108 के तहत मामला दर्ज किया है।

Paschim bangal

## बॉर्डर कब बदल जाए कोई नहीं जानता- राजनाथ

**नई दिल्ली, (एजेंसी) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, लेकिन सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। और जहां तक जमीन की बात है। कब बॉर्डर बदल जाए कौन जानता है, कल सिंध फिर से भारत में वापस आ जाए।**

राजनाथ सिंह ने ये बातें रविवार को दिल्ली में सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी का भी जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने (आडवाणी) अपनी एक किताब में लिखा था कि सिंधी हिंदू, खासकर उनकी पीढ़ी के लोग अभी भी सिंध को भारत से अलग नहीं मानते हैं। दरअसल 1947 में भारत-



पाकिस्तान बंटवारे के बाद सिंध प्रांत पाकिस्तान में चला गया। यह पाकिस्तान का तीसरा सबसे बड़ा प्रांत है। जिसकी राजधानी कराची है। प्रांत में उर्दू, सिंधी और अंग्रेजी बोली जाती है।

खेल

## द. अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में केएल राहुल भारतीय टीम के कप्तान, ध्रुव जुरेल को भी जगह

**नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए रविवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम का एलान कर दिया। कोलकाता टेस्ट में चोटिल हुए कप्तान शुभमन गिल को आगामी वनडे सीरीज से आराम दिया गया है। उनकी जगह केएल राहुल को नेतृत्व सौंपा गया है। उनके डिप्टी ऋषभ पंत होंगे।**

### टीम में क्या खास?

बोर्ड की तरफ से घोषित की गई 15 सदस्यीय टीम में आठ बल्लेबाज, तीन ऑलराउंडर, तीन तेज गेंदबाज और एक विशेषज्ञ स्पिनर को शामिल किया गया है। रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, ध्रुव जुरेल, केएल राहुल (विकेटकीपर) और ऋषभ पंत (विकेटकीपर) को



बल्लेबाज के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा ऑलराउंडर के तौर पर चयन समिति ने वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी पर भरोसा जताया है। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा को सौंपी गई है। स्पेशलिस्ट स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को टीम में शामिल किया गया है।

**राहुल को मिली कप्तानी, गिल-श्रेयस शामिल नहीं-** बीसीसीआई ने रविवार को आगामी वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान कर दिया। इस सीरीज में केएल राहुल टीम का नेतृत्व करते नजर आएंगे, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज शामिल होंगे। कोलकाता टेस्ट के दौरान गिल की गर्दन में चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल गिल मुंबई में हैं और चिकित्सकों की निगरानी में हैं। वहीं, श्रेयस भी इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह चोटिल हो गए थे। फिलहाल वह रिकवर कर रहे हैं।

### जडेजा और पंत की वनडे में वापसी

अनुभवी ऑलराउंडर जडेजा की वनडे टीम में वापसी हुई है। चयन समिति ने अक्षर पटेल को आराम दिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में खेली गई वनडे सीरीज में जडेजा को मौका नहीं मिला था। उन्हें पिछली बार भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में वनडे मुकाबला खेलते देखा गया था। जडेजा के साथ पंत की भी वनडे टीम में वापसी हुई है। वहीं, टीम में ऋतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा को शामिल किया गया। दोनों की मौजूदगी मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करेगी।

सिनेमा

## 'तारक मेहता' की 'रीटा रिपोर्टर' ने बनाया रिकॉर्ड, पीठ पर रखा 60kg वजन, बोलीं- उम्र सिर्फ...



कहते हैं कि उम्र सिर्फ एक नंबर होता है. आप किसी भी उम्र में कुछ भी हासिल कर सकते हैं. बशर्ते आपके अंदर जज्बा होना चाहिए. और उसे पाने की चाहत. टीवी के पॉपुलर सिटकॉम 'तारत मेहता का उल्टा चश्मा' की रीटा रिपोर्टर ने फैन्स का दिल जीत लिया है. 40 साल की प्रिया आहूजा राजदा उर्फ रीटा रिपोर्टर ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है. भले ही वो स्क्रीन से काफी सालों से दूर हों, लेकिन किसी न किसी वजह से ये चर्चा में जरूर रहती हैं. प्रिया ने दरअसल अपना नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज करवा लिया है. मदरहुड जर्नी और बढ़ती उम्र के बावजूद प्रिया ने वेय प्लैंक में रिकॉर्ड बनाया है. प्रिया चाहती थीं कि वो 40 की उम्र में अपने नाम पर कुछ अचीव करें. एक हफ्ते के अंदर प्रिया ने अपनी पीठ पर 20 किलो से 60 किलो वेट रखने की प्रैक्टिस की, जिसमें वो अब स्ट्रॉन्ग हो चुकी हैं. प्रिया चाहती हैं कि वो अपनी पीठ पर 75 किलो तक वजन रखें और महिला कैटेगरी में एक नया रिकॉर्ड बनाएं. प्लैंक पोज में आकर प्रिया ने अपनी पीठ पर 60 किलो वजन रखा और सबसे लंबे समय तक उसको रखे रखा. प्रिया ने टाइम्स ऑफ इंडिया संग बातचीत में कहा- मैं अपने 40वें बर्थडे पर खुद के लिए कुछ खास करना चाहती थी.

## Highlights

1. Infiltrators should be hunted down: Imam body chief backs Yogi's move
2. Unidentified woman found dead in Ernakulam, murder confirmed
3. Govt issues high severity warning for Google Chrome users
4. How is it a threat? Ajit on 'You have votes, I have funds' remark
5. Fake policemen kidnap 4 employees in Bengaluru, extort ₹8.90 lakh

# New era for gig workers: What Swiggy, Zomato and their ilk must do under India labour codes

**NEW DEIHI, (Agency).** The government has formally implemented India's four new Labour Codes, replacing 29 fragmented labour laws, in what is seen as a pivotal moment for gig workers in the world's fourth largest economy.

Essentially, the likes of Swiggy Ltd., Zomato, Blinkit and Zepto can no longer view their delivery partners as independent contractors. They now have a responsibility towards their social security.

Defining the Undefined: A Formal Recognition

India's new labour codes, particularly the Code on Social Security, 2020, finally defines who a gig worker and who employs them.

A gig worker works outside a traditional employer-employee setup.

A platform worker provides service via access to online platforms.

An online aggregator connects a service provider to the customer.




This lays the foundation for extending welfare benefits to an estimated 40 crore workers in the unorganised sector.

The Financial Mandate: Social Security of Gig Workers

The biggest and most immediate obligation is social security contribution for gig workers by aggregators such as Swiggy and Zomato.

Under the Code on Social Security, 2020, aggregators are required to contibute 1-2% of their annual turover to social security of the gig workers they employ. This amount is capped at 5% of the total amount paid or payable by the aggregator to the gig workers.

This shifts the responsibility of providing basic social security to the companies that benefit from their services.

The Implementation — A Statutory Duty

For Swiggy, Zomato, and other aggregators, compliance will require significant operational and structural changes. They must move beyond voluntary moves and establish comprehensive, transparent systems to fulfill their new statutory duties.

# Rupee opens 0.4% stronger against US Dollar as RBI seen propping up currency

**NEW DEIHI, (Agency).** The Indian Rupee strengthened 0.4% against the US Dollar on Monday as the Reserve Bank of India intervened to prop up the local currency. The INR-USD exchange rate stood at 89.15 as against 89.48 in the previous close.

The Reserve Bank of Indian likely intervened to support the rupee before the local spot market opened on Monday, four traders told Reuters, putting the currency on track to open above its all-time low hit on Friday. Traders said that the RBI had likely stepped in the spot and non-deliverable forwards market to support



the South Asian currency.

"The rupee may easily breach 90 in the absence of the RBI," Ritesh Bhansali, deputy CEO at Mecklai Financial Services Ltd., told Bloomberg News, pointing to levels in the offshore market. He expected the central bank to step in at 90 to 90.50 per dollar to prevent a "free-fall" which might attract speculative trading.

The rupee has declined 4.5% over the year so far and is among the worst-performing Asian currencies this year. Any further weakness might exacerbate outflows from local equities, while also posing future inflation risks as India is a net importer of fuel.

Rupee in Unchartered Territory

India's trade deficit widened to a record in October, with exports to the US plummeting a second straight month after the imposition of 50% tariffs.

# होल्कर कॉलेज के छात्र की कुंड में गई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सिमरोल क्षेत्र से एक दुखद खबर सामने आई है जहां लोधिया कुंड में नहाने के दौरान एक छात्र की डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्र बीएससी प्रथम वर्ष का विद्यार्थी था और अपने दोस्तों के साथ वहां पिकनिक मनाने गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवा दिया है।**

सिमरोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लोधिया कुंड में शनिवार को यह हादसा हुआ। भोलाराम उस्ताद मार्ग पर रहने वाला छात्र श्रेयांश (पिता राम गुप्ता) अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए कुंड पर पहुंचा था। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। दोस्तों ने उसे बचाने के लिए शोर मचाया जिसे सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। काफी देर तक चले खोजबीन अभियान के बाद श्रेयांश को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक श्रेयांश मूल रूप से रीवा का रहने वाला था और इंदौर के होल्कर साइंस कॉलेज से बीएससी की पढ़ाई कर रहा था। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता रीवा में आटा चक्की चलाते हैं और उसकी एक बहन रीवा मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने श्रेयांश को महज 4 महीने पहले ही पढ़ाई के लिए इंदौर भेजा था। शनिवार को छात्र के मोबाइल से ही पिता को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद बदहवास परिवार इंदौर पहुंचा।



## मामूली बात पर युवक को पीटा, चाकू मारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर। आजाद नगर में गौतम बस ट्रैवल्स के डिपो के पास एक युवक पर तीन आरोपियों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने युवक की बुरी तरह पिटाई की और उनमें से एक ने चाकू से वार किया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। शिकायत दर्ज होने पर आजाद नगर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया है। आजाद नगर पुलिस ने सुरेश पुत्र चीनक चौधरी (निवासी ग्राम मंझारिया) पर हुए हमले के मामले में कार्रवाई करते हुए शनिवार रात तीन आरोपियों हर्ष पुत्र मनीष सोनकर (निवासी दुर्गा नगर), सचिन पुत्र बालकिशन शर्मा (निवासी पालदा) और शक्ति उर्फ छोटू पुत्र बालकिशन शर्मा (निवासी पालदा) के खिलाफ चाकूबाजी और मारपीट का केस दर्ज किया है। घटना के समय का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है।

## अवैध मदिरा परिवहन करने पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी द्वारा दिये निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की रही है। आबकारी विभाग के अमले द्वारा वृत्त बालदा कॉलोनी और बॉम्बे बाजार वृत प्रभारी मीरा सिंह के दल द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोइथराम हॉस्पिटल सर्विस लेन पर एक दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी09डीजेड6291 टीवीएस जुपिटर की तलाशी की गई। इस दौरान वाहन में एक पेटी विदेशी मदिरा रॉयल स्टेज अवैध परिवहन कर ले जायी जा रही थी। आबकारी विभाग ने चंद्रप्रकाश पिता आयलदास गुरुवाणी निवासी वैशाली नगर थाना अन्नपूर्णा को आरोपी पाया गया। इसके अलावा एक अन्य मामले में हरिहर नगर से कमल बैरागी पिता चुन्नीलाल द्वारकापुरी से 28 बोतल विदेशी मदिरा जब्त की गई। इन दोनों आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत एक लाख 19 हजार 334 रुपए है। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई में कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल सहित बालदा कालोनी और बॉम्बे बाजार वृत्त प्रभारी मीरा सिंह, आबकारी आरक्षक मनोज खरे का सराहनीय योगदान रहा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक